# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधड़ी पर व्यक्त की चिंता : लोगों को भयभीत न होने और डिजिटल सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की दी सलाह।
2. प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में रचनात्मक कलाओं और संस्कृति के संरक्षण तथा उन्हें लोकप्रिय बनाने में युवाओं की भूमिका की सराहना की।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर आज पहुंचे वाराणसी : संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना का किया शुभारंभ।

और

4. अयोध्या में कल से शुरू होगा दिव्य और भव्य दीपोत्सव : सरयू के घाटों पर सजावट के साथ 28 लाख दीये बिछाने का काम हुआ शुरू।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बारे चिंता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधडी को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान एक पीड़ित और एक जालसाज के बीच हुई बातचीत को भी सुनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर वर्ग और आयु समूह के व्यक्ति डिजिटल अरेस्ट के शिकार हुए हैं और उन्हें भय के चलते लाखों रुपये गंवाने पड़े हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों की चर्चा की।

*मैं आपको डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताता हूं, रुको सोचो एक्श्न लो। कॉल आते ही संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें दूसरा चरण है–सोचो, कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसे धमकी नहीं देती न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है न ही ऐसे पैसा की मांग करती है और तीसरा चरण कहता हूं– एक्शछन लो, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें परिवार और पुलिस को सूचित करें।*

कल विश्व्‍व एनिमेशन दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एनिमेशन की दुनिया में नई क्रांति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने

का संकल्प लें। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की सामूहिक चेतना का अंग बन गया है।

*कभी दुनिया में सबसे ज्यादा डिफेंस इक्यूयपमेंट खरीदने वाला भारत, आज, 85 देशों को एक्स पोर्ट भी कर रहा है । स्पेबस टेक्नाइलॉजी में भारत, आज, चंद्रमा के साउड पोल पर पहुँचने वाला पहला देश बना है, लद्दाख के हानले में हमने एशिया की सबसे बड़ी 'इमेजिंग टेलीस्कोचप मैस'का भी उद्घाटन किया है। ये चार हजार तीन सौ मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। ये श्मेड इन इंडिया है।*

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में खरीदारी करते समय वोकल फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दो महान नायकों–सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। सरदार पटेल की 150वीं जंयती इस महीने की 31 तारीख को है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को मनायी जाएगी।

मन की बात में प्रधानमंत्री ने फिट इंडिया के बारे में भी बात की। उन्हौंने संतोष जाहिर किया कि भारत के लोग फिटनेस के बारे में ज्यांदा जागरूक हो रहे हैं।

श्री मोदी ने इस वर्ष 31 अक्टूबर को दिवाली के अवसर पर सरदार पटेल की जयंती का भी उल्लेख किया। उन्हों ने कहा कि इसके कारण रन फॉर यूनिटी इस वर्ष 31

अक्टूबर की बजाए 29 अक्टूबर को आयोजित होगी। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया। श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं दीं।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने 12 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों के 69 हजार 195 संस्कृत विद्यार्थियों को 586 लाख रुपए की धनराशि हस्तांतरित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 2017 में उनकी सरकार ने संस्कृत विद्यालयों की मान्यता बहाल कराई इससे छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले केवल तीन सौ विद्याथियों को ही छात्रवृत्ति मिलती थी, उसमें भी आयु सीमा तय करके रखा गया था, लेकिन अब हमारी सरकार ने संस्कृत के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए आयु सीमा का प्रतिबंध हटा दिया है। अब हर संस्कृत के विद्यार्थी को छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत एक वैज्ञानिक भाषा है। इस

भाषा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है।

बाइट सीएम...

*संस्कत वैज्ञानिक भाषा है और इसको उसी रूप में आगे बढ़ाने के लिए हम लोगों को अपने स्तर पर प्रयास करना होगा। आज के प्रत्येक समय संस्कृत का उपयोग किस रूप में हम आगे बढ़ा सकते हैं इसको भारतीय संस्कृत की दृष्टि से भी, वैज्ञानिक भाषा है, इस दृष्टि से भी और ज्ञान–विज्ञान की इस भाषा को हम आने वाले समय में भारत की विरासत और भारत की ज्ञान की धरोहर के रूप में मजबूती के साथ आगे बढ़ा सकें, इसके लिए अब युद्धस्तर पर लग करके कार्य करने की आवश्यकता है।*

छात्रवृत्ति योजना शुरू होने से प्रदेश भर के संस्कृत विद्यालयों के विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वाराणसी के सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र प्रिंस ने बताया कि इससे विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति जागरूकता और रूचि बढ़ेगी। बाइट छात्र...

*आज हमको माननीय योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों से यह छात्रवृत्ति मिली है, यह प्रथम बार प्राप्त हुई। छात्रवृत्ति से हमें बहुत खुशी है, इसलिए खुशी है क्योंकि जो कार्य रूक जाते थे, आर्थिक समस्याओं के कारण वो कार्य नहीं रूकेंगे और यह जो स्कॉलरशिप मिल रही बहुत कल्याणकारी है।*

इससे पूर्व एक दिवसीय दौरे पर आज वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन–पूजन कर जय हनुमान श्री पीठ ट्रस्ट द्वारा निर्मित हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

————————

ब्रेक

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

————————

**अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजित होने वाला पहला दीपोत्सव कल दिव्य और भव्य रूप में शुरू होगा। तीन दिवसीय दीपोत्सव में इस बार 28 लाख दीपक बिछाकर 25 लाख दीपक प्रज्जवलित करने का नया कीर्तिमान स्थापित किया जायेगा। सरयू तट के विभिन्न घाटों पर वालिंटियर्स द्वारा दीपक बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। एक रिपोर्ट...**

*अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के 14 वर्ष वनवास काटकर वापस आने की प्रतीक्षा में सज धज कर तैयार हो रही अयोध्या आनंदित है,प्रफुल्लित है और अपने आराध्य के आगमन की आहट से ही अनूठी छटा बिखेरती जा रही है,राम की पैड़ी और सरयू तट के साथ ही आसपास के मार्ग रोशनी से जगमगाने लगे हैं,टिमटिमाती रोशनी अयोध्या के त्रेता काल के सौंदर्य को दर्शा रही है,तो राम की पैड़ी के साथ ही सरयू तट के 55 घाट पर 30000 वॉलिंटियर 28 लाख दिया बिछाकर एक नया कीर्तमान स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं, वॉलिंटियर उत्साह और उमंग से लबरेज हैं,कह रहे हैं कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला दीपोत्सव है, इससे हममें अलग ही उत्साह है, उधर रामलला मंदिर को गमकते फूलों और टिमटिमाते झालरों से सजाया जा रहा है, जिसका सौंदर्य 29 अक्टूबर से*

*लेकर 4 दिनों तक देर रात्रि तक भक्त देख सकेंगे। तनमय सोनी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

——————————

बागपत के बरनावा गांव में आज वन विभाग की टीम ने आठ घंटे के रेसक्यू ऑपरेशन के बाद एक तेंदुए को पकड़ लिया। डीएफओ राजेश कुमार ने बताया कि बरनावा गांव में तेंदुआ होने की सूचना मिलने पर वन विभाग ने यह अभियान चलाया था।

——————————

मऊ जिले के राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर से कल शाम फरार हुए आठ बच्चों में से छह बच्चों को बरामद कर लिया गया है। वहां के नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि ये बच्चे किचेन के रास्ते फरार हुए थे।

——————————

प्रदेश में आज हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों को मौत हो गई, जबकि एक दर्जन स अधिक लोग घायल हो गये। फर्रूखाबाद जिले में थाना राजेपुर क्षेत्र के इटावा बरेली नशनल हाईवे स्थित जमापुर मोड़ के पास आज एक पिक में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पिकअप चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब पंद्रह लोग घायल हो गये। वहीं कानपुर जिले के विधनू थानाक्षेत्र में माधवबाग रमईपुर के पास आज एक ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई।